दिन–शनिवार दिनांक– 10 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने कहा– एससी–एसटी कोटे में क्रीमीलेयर का प्रावधान लागू नहीं होगा।

02. केन्द्र सरकार ने भागलपुर के कहलगांव में गंगा नदी पर प्रस्तावित विक्रमशिला–कटारिया रेल पुल परियोजना को मंजूरी दी।

03. गंगा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि से पटना, बक्सर, मुंगेर और भागलपुर के निचले इलाके बाढ़ की चपेट में।

04. और, पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाडियों का दिल्ली पहुंचने पर भव्य स्वागत।

———————————————————————

मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस से दो हजार अट्ठाईस–उनतीस के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना लागू किये जाने के भी मंजूरी दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत दो करोड़ आवास ग्रामीण क्षेत्रों में और एक करोड़ शहरी क्षेत्रों में बनाए जायेंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि बैठक में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय की हाल की व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई।

———बाईट———

एनडीए सरकार बाबासाहेब अंबेडकर जी के बनाए संविधान के प्रावधानों के प्रति प्रतिबद्ध है। बाबा साहेब अंबेडकर जी के संविधान के अनुसार एससी और एसटी के रिजर्वेशन में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है। कैबिनेट का सुविचारित मत है कि बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान के अनुसार ही एससी और एसटी का रिजर्वेशन की व्यवस्था होनी चाहिए।

———————————————————————

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि संविधान के प्रावधान के अनुसार ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आरक्षण का लाभ दिया जायेगा।

———बाईट———

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने भागलपुर के कहलगांव में गंगा नदी पर प्रस्तावित विक्रमशिला–कटारिया रेल पुल परियोजना को मंजूरी दे दी है। दो दशमलव चार–चार किलोमीटर लंबे मुख्य ब्रिज के साथ यह रेल परियोजना छब्बीस दशमलव दो–तीन

किलोमीटर लंबी होगी। इसके निर्माण पर लगभग दो हजार पांच सौ पचास करोड़ रुपये की लागत आयेगी। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना को वर्ष दो हजार तीस–इकतीस तक पूरा कर लिया जाएगा। इधर, पटना में पूर्व मध्य रेलवे के एजीएम अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के बन जाने से रोज़गार के कई अवसर पैदा होंगे।

———बाईट———

————————————————————————————

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बैंकों में कोर बैंकिंग पर विशेष जोर दिया है। आज नई दिल्ली में रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में वित्तमंत्री ने बैंकों से जमा और उधारी राशि से संबंधित प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा।

———बाईट———

रिजर्व बैंक भी और सरकार भी बार बार बैंकों को कह रहे हैं कि आप आपके कोर बिजनेस एक्टिविटी के ऊपर जरा ज्यादा ध्यान दें और थोडा सख्ती से डिपोजिट कलेक्ट करें फिर लैंड भी करें। क्योंकी बैंकिग को कोर एक्टिविटी यही है। बाद में कोई कुछ चार–पांच विषय नया पोर्टफोलियो है सब जोड सकते हैं मगर आपके कोर बिजनेस डिपोजिट कलैक्शन और लेंडिग मनी है।

वित्त मंत्री ने कहा है कि सरकार बैंकिंग नियम संशोधन ला रही है जिसका लंबे समय से इंतजार था। उन्होंने कहा कि संशोधनों में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण पुनर्गठन संशोधन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रावधानों की शुरूआत एक ग्राहक–अनुकूल कदम है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहकों के पास व्यक्तियों को नामांकित करने का विकल्प है और नामांकित व्यक्ति आसानी से अपने उचित अधिकारों का दावा कर सकता है। इस अवसर पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि बैंक ब्याज दरों पर फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि जमा और उधारी पर ब्याज दर विनियमित होते रहते हैं।

———बाईट———

————————————————————————————

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गन्ने के अलावा मक्का, टूटे चावल, फलों के छिलकों और बांस के उपयोग से एथनॉल उत्पादन के लिए बहुआयामी और भविष्यवादी दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया है। नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय सहकारी चीनी मिल संघ के कार्यक्रम में श्री शाह ने कहा कि एथनॉल उत्पादन एक लाभदायक और व्यवहारिक व्यवसाय है। उन्होंने कहा कि देश को आने वाले समय में एक हजार करोड़ लीटर एथनॉल की आवश्यकता होगी। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

की पहल के कारण एक वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की स्थापना की गई है। इससे एथनॉल निर्यात के अवसर पैदा होंगे और इससे सीधे तौर पर किसानों को लाभ होगा।

———————————————————————————

स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने लिम्फैटिक फाइलेरिया के उन्मूलन के लिए आज नई दिल्ली में दवाई पिलाने के द्विवार्षिक राष्ट्रव्यापी अभियान के दूसरे चरण का वर्चुअल शुभारंभ किया। अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी घर–घर जाकर लोगों को फाईलेरिया से बचाव की दवा निःशुल्क उपलब्ध करायेंगे। श्री जाधव ने कहा कि लिम्फेटिक फाइलेरिया की रोकथाम के लिए मच्छरों के काटने से बचाव और फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन जैसे निवारक उपाय महत्वपूर्ण हैं। बीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोग इससे प्रभावित हैं। स्वाथ्य राज्य मंत्री श्री जाधव ने बताया कि इस रोग का असर केवल स्वास्थ्य पर ही नहीं बल्कि इससे व्यक्ति विकलांग हो जाता है।

———बाईट———

हमारा उद्येश्य लिम्फेटिक फाइलेरिया जैसी रोकथाम वाली बिमारियों को जड से समाप्त करना है ताकि हमारे देश में ऐसी बिमारी के लिए कोई जगह ही न हो इसके लिए सभी को आगे आकर दवाओं का सेवन करना चाहिए आइए हम सभी एक स्वस्थ भविष्य के लिए एक मिशन में एकजुट होकर काम करें।

———————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के चलते गंगा, कोसी और गंडक समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी पटना के दीघा घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से पन्द्रह सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में खतरे के निशान के आस–पास बना हुआ है। उधर, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, कमला बलान मधुबनी के झंझारपुर में तथा परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज, रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में तथा कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर बह रही है। अररिया जिले में हो रही भारी बारिश से एक बार फिर जिले की परमान सहित प्रमुख नदियां उफान पर है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

भारी वर्षा के कारण कुर्साकांटा, सिकटी और पलासी प्रखंड क्षेत्र से होकर बहनेवाली परमान, बकरा, लवकटारिया समेत जिले की सभी छोटी – बड़ी नदियां सहित सभी बरसाती नदियां उफान पर है। निचले इलाकों में पानी फैलने से सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल बर्बाद हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान जिले के कुर्साकांटा प्रखंड के आधा दर्जन गांवों को हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

हमारे मुंगेर संवाददाता ने बताया कि जिले में गंगा के जलस्तर में प्रति घंटे एक सेंटीमीटर की बढ़ोतरी देखी जा रही है।

———बाईट———

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी के कारण निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गये हैं। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार आज सुबह गंगा का जलस्तर 38.22 मीटर पर जा पहुंचा है। जलस्तर के बढ़ने से गंगा के तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोग दहशत में है। सदर प्रखंड के गंगा किनारे सटे टिकारमपुर गांव के आस पास इलाके में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। संभावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रभावित क्षेत्र में नाव भेजी गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

भागलपुर जिले में पिछले एक सप्ताह में हुई बारिश के बाद गंगा नदी के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है।

———बाईट———

भागलपुर जिले में पिछले एक सप्ताह में हुई बारिश से एक बार फिर जिले के सबौर, नाथनगर, कहलगांव और भागलपुर शहर से सटे निचले इलाके में पानी फैल जलस्तर में वृद्धि हुई है। कोशी और गंगा नदी उफान पर हैं लेकिन जल स्तर स्थिर है। निचले इलाके के लोग अभी से ही संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए ऊंचे स्थान में अपना आशियाना बनाने की तैयारी में जुट गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

नेपाल के तराई क्षेत्र में भारी बारिश होने के बाद कोसी नदी का जलस्तर बढ़ा है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

सहरसा जिले के नवहट्टा प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी कोसी तटबन्ध के भीतर बसे कई गांव पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। प्रखंड की केदली जाने वाली मुख्य सड़क पर कहीं कमर तक तो कहीं घुटने तक पानी चढ़ गया है। इसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इसके अलावा कई गांव में बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने से लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी।

———————————————————————————

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाडियों का दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गोलकीपर पीआर श्रीजेश और पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह सहित सभी खिलाडियों का ढोल–नगाडे के साथ स्वागत किया गया। हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि देश के लिए पदक हासिल करके वह गौरवान्वित हैं।

———बाईट———

मेडल, मेडल होता है और देश के लिए मेडल लेकर आना सबसे बड़ी बात है जो हमारी कोशिश थी की हम फाइनल तक जाऐं और गोल्ड मेडल जीतें अनफोर्चुनेटली हमारा सपना पूरा नहीं हुआ। हम खाली हाथ वापिस नहीं आये हैं बैक–टू–बैक ब्रॉज मेडल जीतना ये भी देश के लिए बहुत प्राउड है हम।

———————————————————————————

केन्द्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने भारतीय हॉकी टीम का आज अभिनंदन किया। उन्होंने टीम के समर्पण और कठोर परिश्रम की सराहना की।

———बाईट———

भारत की हॉकी टीम से मेरा मिलना हुआ। सभी प्लेयर को शुभेच्छा दी गई देश गौरव महसूस कर रहा है और आने वाले दिनों में और अच्छी सफलता के लिए हम सभी को शुभकामना भी देते है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. केन्द्र सरकार ने कहा– एससी–एसटी कोटे में क्रीमीलेयर का प्रावधान लागू नहीं होगा।

02. केन्द्र सरकार ने भागलपुर के कहलगांव में गंगा नदी पर प्रस्तावित विक्रमशिला–कटारिया रेल पुल परियोजना को मंजूरी दी।

03. गंगा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि से पटना, बक्सर, मुंगेर और भागलपुर के निचले इलाके बाढ़ की चपेट में।

04. और, पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाडियों का दिल्ली पहुंचने पर भव्य स्वागत।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।